कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 02.12.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

# सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर, महाविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह ग्राम - कोलिहापुरी में डॉ0 रंजना श्रीवास्तव प्राचार्य के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य महोदया ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक सेवा, समाज के उत्थान के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करना है। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राऐं राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पण की भावना रखते हुए सामाजिक समरसता विश्वबंधुत्व, राष्ट्रीय एकता का संदेश देती है। मुख्य अतिथि डॉ0 प्रशांत श्रीवास्तव, से0 नि0 अपर संचालक, स्वास्थ्य विभाग, रायपुर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राऐं सर्वेक्षण, प्रभातफेरी, नुक्कड़ नाटक, स्वास्थ्य सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से जागरूकता अभियान का संदेश आप तक पहुंचाया है। उससे आप सभी ग्रामीण लाभान्वित एवं जागरूक रहे। छात्राऐं विषम परिस्थितियों में कार्य करता है। वह सराहनीय है। उससे हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए।

शिविर की अन्य गतिविधियों को संक्षिप्त प्रतिवेदन कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सुषमा यादव ने प्रस्तुत किया। शिविर में बौद्धिक परिचर्चा के अंतर्गत डॉ0 सतीश सेन ने 'पर्यावरण संरक्षण', डॉ0 दीपक कश्यप ने 'प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रशिक्षण', डॉ0 रेशमा लाकेश ने 'नशामुक्त भारत तथा पोषण', श्रीमती सरोज सिंह 'महिलाओं से संबंधित विधिक जागरूकता', श्री प्राणेश विश्वास ने 'महिलाओं के स्वावलंबन एवं स्वरोजगार', कु0 नम्रता, भावना, श्री डागेन्द्र ने 'आत्मरक्षा पर प्रशिक्षण' तथा कु0 खुशबू साहू ने योग का प्रशिक्षण एवं विचार प्रस्तुत किए। स्वास्थ्य शिविर में डॉ0 अभिषेख खरे, डॉ0 अंकिता खरे ने दन्त चिकित्सा, डॉ0 मानसी गुलाटी स्त्री रोग विशेषज्ञ, श्री वेदनारायण यदु ने रक्त परीक्षण, श्री अरूण सिंह नेत्र सहायक अधिकारी, नेत्र परीक्षण तथा श्री सीताराम ठाकुर, श्री दिलीप सिंह ठाकुर, जीवनदीप समिति के सदस्य ने सहयोग दिया। स्वास्थ्य शिविर में मुख्य अतिथि श्री ललित चन्द्राकर, विधायक ग्रामीण ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया एवं छात्राओं को नौकरी करने के बजाय स्वयं के रोजगार में दूसरों को नौकरी देने हेतु प्रेरित किया।

प्रतिदिन छात्राओं ने रैली निकाल कर स्वच्छता, पर्यावरण, स्वास्थ्य, स्वच्छता, रोजगार, वृक्षारोपण के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत बाजार, तालाब, सार्वजनिक स्थलों, शाला परिसर की सफाई की। सांस्कृतिक संध्या के अंतर्गत ग्रामीण एवं महाविद्यालय के बच्चों ने एकल एवं समूह नृत्य व योग से संबंधित जुम्बा, आत्मरक्षा से संबंधित नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि द्वारा ग्राम के बुजुर्गों का शॉल श्रीफल देकर सम्मान किया गया। खेलकुद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के ग्रामीण छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव, रासेयो अधिकारी एवं आभार डॉ0 सुषमा यादव, रासेयो अधिकारी ने किया। ग्राम पंचायत सरपंच श्री ईश्वर साहू, प्राथ0/माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोलिहापुरी के शिक्षकों एवं श्री विमल यादव, श्री विजय चन्द्राकर ने 07 दिवसीय शिविर में विशेष योगदान दिया।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन








